नेकी राम में रिमोट सेंसिंग और आईसी में एमए अंग्रेजी की सौगात

जागरण संवाददाता • रोहतक: शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रदेश के सरकारी कालेजों में बड़े स्तर पर नए कोर्स और विषय शुरू करने का निर्णय लिया गया है। उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार, प्रदेश के 16 जिलों के सरकारी कालेजों में 43 नए प्रोग्राम और कोर्स शुरू किए गए हैं। वहीं, 20 कालेजों में नए विषय जोड़े गए हैं और 4 कालेजों में सीटें बढ़ाई गई हैं। विभाग का मुख्य फोकस विज्ञान, तकनीक और रिसर्च आधारित रोजगारपरक कोर्सों पर है।

जिले के कालेजों को मिली ये सौगातें : रोहतक जिले के दो प्रमुख कालेजों में नए कोर्स शुरू हुए हैं। राजकीय महिला महाविद्यालय (आईसी कालेज) में एमए अंग्रेजी तथा पंडित नेकी राम शर्मा कालेज में रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस जैसा आधुनिक डिप्लोमा कोर्स शुरू किया गया है। इसके माध्यम से विद्यार्थी सैटेलाइट मैपिंग, भू-विश्लेषण, शहरी नियोजन, कृषि सर्वे, आपदा प्रबंधन, पर्यावरण और रक्षा क्षेत्र में रोजगार पा सकेंगे। साथ ही, नेकी राम कालेज में बीएससी फिजिकल साइंस में इलेक्ट्रानिक्स विषय नया शामिल किया गया है। वहीं प्रदेश भर के कालेजों में विज्ञान, तकनीक और रिसर्च आधारित कोर्स पर फोकस सरकार ने विद्यार्थियों की बढ़ती मांग और रोजगार संभावनाओं को देखते हुए एमएससी फिजिक्स, मैथ्स, जियोग्राफी, बायोटेक्नोलाजी, बीसीए, बीबीए, एमकाम, एमए हिस्ट्री, रिमोट सेंसिंग एवं जीआइएस जैसे आधुनिक और रिसर्च आधारित कोर्स शुरू करने को मंजूरी दी है।

16 जिलों के सरकारी कालेजों में 43 नए कोर्स शुरू और 20 कालेजों में नए विषय शमिल

6 नए कोर्सों को पहले ही मिल चुकी है मंजूरी

इसी सत्र के लिए जिले के चार कालेजों में छह नए कोर्सों को पहले ही मंजूरी दी जा चुकी है। अब राजकीय महिला महाविद्यालय (आईसी कालेज) में छात्राएं एमएससी केमिस्ट्री और एमएससी बाटनी की पढ़ाई कर रिसर्च, फार्मा व टीचिंग सेक्टर में करियर बना सकेंगी। वहीं, ग्रामीण क्षेत्र की मांग पर राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में फिजिकल एजुकेशन विषय की शुरुआत की गई है। इसके अलावा, विद्यार्थी बायोटेक्नोलाजी पढ़कर मेडिकल साइंस, जेनेटिक इंजीनियरिंग और कृषि अनुसंधान में आगे बढ़ सकेंगे। गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी साक्षी मलिक राजकीय कॉलेज में फिजिकल एजुकेशन व डिफेंस स्टडीज तथा पंडित नेकी राम कालेज में एमएससी रसायन विज्ञान कोर्स शुरू किया गया था।

उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2026-27 के लिए दी मंजूरी ; रिमोट सेंसिंग डिप्लोमा से छात्र सैटेलाइट मैपिंग, शहरी नियोजन, आपदा प्रबंधन और रक्षा जैसे क्षेत्रों में रोजगार पा सकेंगे

सरकार का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक और रोजगारपरक शिक्षा देना है। नए कोर्सों से युवाओं को तकनीक, रिसर्च और प्रोफेशनल क्षेत्रों में बेहतर अवसर मिलेंगे। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को अब उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

डा. शमशेर हुड्डा, प्राचार्य, आईसी कालेज, रोहतक।